भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4585
उत्तर देने की तारीख : 22 जुलाई, 2019

जम्मू और कश्मीर कला, संस्कृति और भाषा अकादमी को निधि

4585. श्री हसनैन मसूदी :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने जम्मू और कश्मीर में जम्मू और कश्मीर कला, संस्कृति एवं भाषा अकादमी को मजबूत बनाने के लिए क्या कोई कदम उठाए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में कितनी निधि आबंटित की गई है?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) और (ख) : भारत का राष्ट्रीय साहित्यिक संस्थान, साहित्य अकादेमी, संस्कृति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन एक स्वायत्त संगठन है जो 24 भारतीय भाषाओं में साहित्य को बढ़ावा देने के प्रति समर्पित है। साहित्य अकादेमी जम्मू और कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों में अपने साहित्यिक कार्यकलापों को आयोजित करते हुए राज्य अकादेमियों और साहित्यिक संगठनों के साथ सहयोग करती है।

जम्मू और कश्मीर कला, संस्कृति और भाषा अकादेमी मान्यताप्राप्त राज्य अकादेमियों में से एक है। साहित्य अकादेमी द्वारा जम्मू और कश्मीर कला, संस्कृति और भाषा अकादेमी के सहयोग से आयोजित विभिन्न साहित्यिक कार्यकलापों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

(i) राजकीय डिग्री कॉलेज, बनिहाल, जम्मू और कश्मीर में "ह्यूमर इन कश्मीरी लिटरेचर" पर संगोष्ठी (18-19 मार्च, 2019)

(ii) जम्मू, जम्मू और कश्मीर में युवा कश्मीरी लेखकों के साथ 'मुलाकात' कार्यक्रम (8 जनवरी, 2019)

(iii) जम्मू, जम्मू और कश्मीर में 'फ़ाज़िल कश्मीरी' पर जन्मशताब्दी संगोष्ठी (23-24 दिसम्बर, 2018)

(iv) प्रसिद्ध कश्मीरी महिला लेखकों के साथ जम्मू में 'अस्मिता' कार्यक्रम (17 दिसम्बर, 2018)

(v) जम्मू में 'कवि अनुवादक' कार्यक्रम जिसमें श्री गुलाम रसूल जोश ने अपनी कश्मीरी कविताएं प्रस्तुत की और उनका डोगरी अनुवाद श्री रवीन्द्र कौल द्वारा प्रस्तुत किया गया (17 नवम्बर, 2018)

(vi) जम्मू में 'कवि अनुवादक' कार्यक्रम जिसमें श्री मोहन सिंह ने अपनी डोगरी कविताएं प्रस्तुत की और उनका कश्मीरी अनुवाद श्री आर. एल. शांत द्वारा प्रस्तुत किया गया (17 नवम्बर, 2018)

(vii) जम्मू में 'लोक साहित्य' पर संगोष्ठी (4-5 दिसम्बर, 2017)

(viii) श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में 'पूर्वोत्तर और उत्तरी लेखकों का सम्मेलन' (28-29 अक्तूबर, 2017)

(ix) जम्मू में 'दीनू भाई पंत' पर जन्म शताब्दी संगोष्ठी (17-18 जून, 2017)

(x) दिल्ली में "जम्मू और कश्मीर साहित्य महोत्सव" (21-22 मार्च, 2017)

(xi) जम्मू में प्रख्यात डोगरी लेखक, सुश्री चम्पा शर्मा के साथ 'लेखक से मुलाकात' कार्यक्रम (16 जनवरी, 2017)

(ग) : राज्य अकादेमियों के लिए पृथक निधि/बजट निर्धारित नहीं किया गया है।

***